## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री कन्या विवाह सम्मेलन में परिणय सूत्र में बंधेंगे 105 जोड़े



**सतना।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना के अंतर्गत सतना शहरी क्षेत्र का सामूहिक विवाह सम्मेलन आगामी 1 मई को शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय,व्यंकट क्रमांक-2 के मैदान में गरिमामय वातावरण में संपन्न होगा। इस आयोजन की तैयारियों को लेकर नगर निगम कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान महापौर योगेश ताम्रकार ने विस्तृत जानकारी साझा की।महापौर ने बताया कि इस सामूहिक विवाह में कुल 105 पात्र जोड़ों का पंजीयन किया गया है।

**अनोखी बारात** सभी दूल्हे और उनके परिजन पहले 'व्यंकटेश लोक' पहुंचेंगे। वहां से सभी की सामूहिक बारात सजाई जाएगी,जो ई-रिक्शा के माध्यम से विवाह स्थल (व्यंकट मैदान) तक पहुंचेगी। विवाह संपन्न कराने के लिए 30 वेदियों का निर्माण किया गया है,जहाँ पंडितों की टोली विधि-विधान से विवाह कराएगी। नगर निगम द्वारा वर-वधू और उनके परिजनों के लिए भोजन तथा शुद्ध पेयजल की समुचित व्यवस्था की गई है।

**चयन प्रक्रिया और पारदर्शिता** इस आयोजन के लिए 24 मार्च 2026 से आवेदन आमंत्रित किए गए थे,जिसकी अंतिम तिथि 15 अप्रैल थी। कुल 155 आवेदन प्राप्त हुए थे। पांच सदस्यीय समिति द्वारा गहन जांच के उपरांत 105आवेदनों को पात्र पाया गया। महापौर योगेश ताम्रकार ने कहा कि यह योजना निर्धन और जरूरतमंद परिवारों के लिए किसी 'वरदान' से कम नहीं है। इसका मुख्य लक्ष्यः गरीब परिवारों को विवाह के आर्थिक बोझ से मुक्त करना। दहेज प्रथा और फिजूलखर्ची जैसी सामाजिक बुराइयों को हतोत्साहित करना। विभिन्न धर्मों और समुदायों के विवाह एक साथ कराकर सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना। महापौर श्री ताम्रकार ने कहा कि यह योजना न केवल आर्थिक सहायता प्रदान करती है,बल्कि बेटियों के सम्मानजनक भविष्य और सामाजिक सुरक्षा का माध्यम भी बन रही है। इस प्रेस वार्ता के दौरान नगर निगम अध्यक्ष राजेश चतुर्वेदी ने सभी का आभार व्यक्त किया। अवसर पर अधीक्षण यंत्री एस.के.सिंह,डिप्टी कमिश्नर सत्यम मिश्रा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# 'ब्लैक वेडनेस डे': रफ्तार का कहर एक की मौत और कई जिंदगी दांव पर







**सतना।** जिले में आज का दिन सड़क हादसों के लिहाज से बेहद दुखद रहा। अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुई पांच बड़ी दुर्घटनाओं ने प्रशासन और आम जनता को झकझोर कर रख दिया है। इन हादसों में जहाँ एक युवक ने अपनी जान गंवा दी,वहीं करीब 15 लोग घायल हुए हैं,जिनमें से कई की हालत चिंताजनक बनी हुई है।

### बेला बाईपास पर दर्दनाक अंतः बस ने ली युवक की जान

सबसे भयावह हादसा एन एच 30 बेला बाईपास पर हुआ। यहाँ एक तेज रफ्तार बस ने बाइक सवार युवक को इतनी जोरदार टक्कर मारी कि उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलते ही डायल 112 और हाईवे पेट्रोलिंग टीम ने शव को कब्जे में लेकर यातायात बहाल कराया।

### रामपुर बघेलानः खुशियों में भंग, बारातियों से भरी बोलेरो पलटी

रामपुर बघेलान के बकिया में एक शादी की खुशी उस वक्त मातम में बदल गई,जब बारातियों से भरी एक बोलेरो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। हादसे में 10 लोग घायल हुए हैं। 3 घायलों की नाजुक हालत को देखते हुए उन्हें रीवा के संजय गांधी हॉस्पिटल रेफर किया गया है।

अमरपाटन क्षेत्र में दो अलग-अलग बाइक हादसे- अमरपाटन इलाके में आज दो सड़क दुर्घटनाएं दर्ज की गईं: रिगरा के पास एन एच 30 पर तेज रफ्तार बाइक फिसलने से दो लोग लहूलुहान हो गए। एक घायल की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे जिला अस्पताल सतना भेजा गया है।

**ब्लॉक कॉलोनी मोड़:** यहाँ बाइक के सामने अचानक कुत्ता आ जाने से बड़ा हादसा हुआ। बाइक सवार संतुलन खोकर गिर पड़े,जिसमें एक बुजुर्ग की हालत गंभीर बताई जा रही है।

**शहर के कोठी रोड पर ट्रक की ई-रिक्शा को टक्करः** सतना शहर के पशुपतिनाथ मंदिर (कोठी रोड) के पास एक अनियंत्रित ट्रक ने ई-रिक्शा को रौंद दिया। इस टक्कर में ई-रिक्शा सवार एक बुजुर्ग महिला बुरी तरह घायल हो गईं। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें अस्पताल पहुँचाया गया,जहाँ उनका उपचार जारी है।

## चित्रकूट में सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय के हॉस्टल में छात्रा ने की आत्महत्या



**सतना।** धर्मनगरी चित्रकूट स्थित सदगुरु नेत्र चिकित्सालय के हॉस्टल से एक हृदयविदारक घटना सामने आई है। यहाँ विजन टेक्नीशियन की पढ़ाई कर रही एक छात्रा ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मृतका की पहचान कीर्ति तिवारी के रूप में हुई है,जो मऊगंज जिले के डभौरा गांव की रहने वाली थी।

### परीक्षा देने के बजाय चुना मौत का रास्ता

प्राप्त जानकारी के अनुसार,बुधवार को कीर्ति का पेपर था। सुबह करीब 8:30 बजे जब उसकी अन्य साथी छात्राएं परीक्षा देने चली गईं,तब कीर्ति ने बीमारी का हवाला देकर हॉस्टल में ही रुकने की बात कही। जब वह अकेली थी,तब उसने कमरे में फांसी लगा ली।

### पुलिस जांच और प्रारंभिक इनपुट

घटना की सूचना मिलते ही चित्रकूट थाना पुलिस मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी गिरजाशंकर वाजपेयी ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह मामला लंबी बीमारी से तंग आकर आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। छात्रा के कमरे से भारी मात्रा में दवाइयों के पर्चे बरामद हुए हैं,जो उसके बीमार होने की पुष्टि करते हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मर्ग कायम कर लिया है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जारहा है। छात्रा द्वारा उठाए गए इस आत्मघाती कदम की खबर मिलते ही उसके नाना-नानी चित्रकूट पहुंच गए हैं। अस्पताल प्रबंधन की सूचना पर पुलिस ने परिजनों को सूचित कर दिया था। खबर लिखे जाने तक शव का पोस्टमार्टम नहीं हो सका था।

### अधिकारी का कथन

छात्रा कीर्ति तिवारी ने हॉस्टल में फांसी लगाई है। शुरुआती जांच में बीमारी की वजह सामने आ रही है क्योंकि कमरे से काफी दवाइयां मिली हैं। स्थिति पूरी तरह से पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही साफ हो पाएगी।

**गिरजाशंकर वाजपेयी,थाना प्रभारी, चित्रकूट**

## भ्रष्टाचार से रिकार्ड तोड़ रहा है तिलौरा पंचायत

### सरपंच और सचिव की मिलीभगत से कागजों में हो रहा निर्माण कार्य



**मैहर।** मैहर जनपद पंचायत अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत तिलौरा में विकास के नाम पर खानापूर्ति कर सरकारी राशि हजम की जा रही है और अधिकारी आंख मूंदे बैठे हैं या फिर सेटिंग के कारण कुछ कार्रवाई नहीं कर रहे हैं जिससे ग्रामीणों में नाराजगी व्याप्त है।इस पंचायत में जब से सूरज कोल सरपंच आए हैं तब से विकास कार्य नहीं हो रहे हैं यही नहीं यह भी आरोप लगाए जा रहे हैं कि विकास की निर्माण राशि तो निकाल ली जाती है मगर काम नहीं हो रहा है। इस पंचायत के ग्रामीणों ने मैहर जनपद से लेकर सतना जनपद पंचायत तक शिकायतें की है मगर सब कचरे के ढेर में डाल दी गई है क्यों कि बताया जा रहा है इन्हे राजनैतिक संरक्षण प्राप्त है इसलिए कार्रवाई नही हो रही है। ग्रामीणों के द्वारा आरोप लगाए जा रहे हैं कि अभी नए साल को गुजरे 4 माह भी नहीं हुए है मगर कई निर्माण कार्यो की राशि निकाल की गई है मगर कार्य नही किया गया है और कुछ निर्माण कार्य घटिया कार्य कराकर पूरा कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि तिलौरा के सिलौटी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में 373000 रुपए के कार्य की स्वीकृति मिली और आधे अधूरे घटिया पेवर ब्लॉग लगा कर पूरा कर लिया गया। हनुमान मंदिर के पास घाट निर्माण के लिए 579000 रुपयों से स्वीकृति मिलने के बाद सपना ट्रेडर्स के नाम 30990 रुपए निकाल लिए गए मगर आज तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ है। इसी तरह पुलिया निर्माण के नाम पर स्वीकृति पर 125000 रुपए निकाल लिए गए मगर आज भी काम न के बराबर हुआ है। इसी तरह देवालय से हनुमान मंदिर तक सीसी सड़क जिसकी स्वीकृति 24-1-26 को 1137000 रुपए पास हुए थे जिसमें एक सपना ट्रेडर्स के नाम 98680 रुपए दिए गए लेकिन पूरी सड़क नहीं बनाई गई। ग्रामीणों के द्वारा बताया गया है कि इसी तरह घर तक के 58000 रुपए में मात्र 3 मीटर तक सड़क बनाकर काम खत्म कर दिया गया। सामुदायिक भवन सिलौटी में मरम्मत के नाम 246000 रुपए निकाल लिए गए मगर नाम मात्र का कार्य किया गया है। प्राइमरी स्कूल में टाइल्स लगाने के नाम 448000 रुपए निकाले गए जब ग्रामीणों के द्वारा आरोप लगाए जा रहे है कि इन टाइल्सों को अल्ट्राटेक सीमेन्ट प्लांट के द्वारा लगवाए गए है और राशि पंचायत की राशि निकाल कर हजम किया गया है। तिलौरा स्वागत बने हुए अभी कुछ स्ही साल हए है कि मरम्मत के नाम पर 20000 निकाले गए। इसी तरह पंचायत भवन में शौचालय निर्माण के नाम पर 100000 निकाले गए है आज भी कुछ ईटों की जुड़ाई के अलावा कुछ नहीं बना है और ट्रेडर्स के नाम एक लाख निकाल चुके हैं। शांति धाम में सार्वजनिक चबूतरा बनवाने के नाम पर 126000 निकाले जा चुके हैं मगर वहां भी कार्य नहीं किया गया है।



### नहीं हो रही रिकवरी

पूर्व सचिव के ऊपर 9 लाख और 11 लाख रिकवरी निकाले जाने के बाद आज तक जनपद मैहर के द्वारा वसूली नहीं की गई। इसी के चलते वर्तमान सचिव भी बगैर कार्य किए राशि हजम करने में लगे हुए है।

जैसा हम चाहेंगे वैसा ही कार्य होगा तिलौरा पंचायत में रुपए निकलने के बाद कार्य शुरू न किए जाने की जानकारी चाही गई तो इंजीनियर द्वारा बताया गया है कि राशि अग्रिम निकाल ली गई मगर अभी शादी बारात के कारण कार्य शुरू नही हो रहा है। इसी तरह सरपंच के द्वारा भी कहा जा रहा है कि जैसा हम चाहेंगे वैसा ही कार्य होगा। पंचायत में कई निर्माण पूरे हो गए और कुछ चल रहे जिसे शीघ्र ही पूरा कर लिया जाएगा।

## कुपोषण से मौत के मामले में एक्शन, भोपाल से पहुंची उच्चस्तरीय जांच टीम



**सतना।** जिले के सुरंगी गांव में कुपोषण के कारण हुई मौत की हृदयविदारक घटना ने शासन-प्रशासन में हड़कंप मचा दिया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए राजधानी भोपाल से एक राज्यस्तरीय उच्चस्तरीय टीम जांच के लिए सीधे मौके पर पहुंची है।

**जांच टीम के प्रमुख सदस्य** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन भोपाल के नेतृत्व में गठित इस टीम में विशेषज्ञ अधिकारियों को शामिल किया गया है। डॉ. राजेश भैरवः डिप्टी डायरेक्टर, एनएचएम भोपाल डॉ. हिमानी यादवः चाइल्ड हेल्थ एक्सपर्ट जमीनी हकीकत और जवाबदेही टीम ने सुरंगी पहुंचकर प्रभावित परिवार से मुलाकात की और बच्चे के स्वास्थ्य रिकॉर्ड की बारीकी से जांच की। जांच का मुख्य केंद्र यह है कि क्या आंगनवाड़ी केंद्रों और स्वास्थ्य विभाग द्वारा समय पर पोषण आहार और चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई गई थी। टीम इस बात की भी समीक्षा कर रही है कि क्षेत्र में संचालित कुपोषण मुक्ति अभियानों का क्रियान्वयन धरातल पर कितना प्रभावी रहा है। इस उच्चस्तरीय जांच के बाद स्थानीय अधिकारियों पर बड़ी गाज गिर सकती है। फिलहाल,टीम अपनी विस्तृत रिपोर्ट भोपाल मुख्यालय को सौंपेगी,जिसके आधार पर आगामी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। यह कदम जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की पोल खोलने और व्यवस्था सुधारने की दिशा में एक बड़ी पहल माना जा रहा है।

## बोर्ड परीक्षा 10 वीं का शुभांशी तिवारी 97.8 प्रतिशत एवं 12 वीं का मानसी पाठक 95 प्रतिशत टॉप रैंक रिजल्ट रहा

### शासकीय संदीपनी विद्यालय में बोर्ड परीक्षा का प्रतिभा सम्मान समारोह सम्पन्न



**मैहर।** शासकीय संदीपनी उच्च माध्यमिक विद्यालय मैहर में आज इस प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम के मुख्यातिथि मैहर जिले के विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी रहे जब कि कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष कमलेश सुहाने ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमति सुष्मिता सिंह,मां शारदा प्रबंधक समिति सदस्य आलोक अग्रवाल,प्राचार्य दिनेश पुरी गोस्वामी,सुखराम पैकरा, दिनेश मिश्रा,संतोष पाण्डेय,जिला मीडिया प्रभारी रवींद्र सिंह मंजू सर,आदित्य नारायण शुक्ला, दिनेश मौर्य,विपुल चतुर्वेदी,कुशवाहा उपस्थित रहे। कार्यक्रम शुभारंभ शिक्षक समुदाय दीपेंद्र मिश्रा,डी के शुक्ला, शुभम शुक्ला,सनत गौतम,माया मिश्रा,हरि ओम श्रीवास्तव, लालजी नामदेव,कपिल सर,आदि अभिभावक गण छात्र छात्राओं की गरिमारूपेण उपस्थिति में दीप प्रज्वलन कर किया गया तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम वन्दे मातरम,मां शारदा राई नृत्य,जीत का जश्न के अलौकिक प्रस्तुति के साथ यह प्रतिभा सम्मान समारोह का कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर आए हुए समस्त अतिथियों का पुष्पमाला स्मृति चिन्ह प्रदान कर स्वागत वंदन किया गया।सभी मनचासिन अतिथियों ने अपना सारगर्भित उद्बोधन प्रदान किया। इस अवसर पर स्कूल की वर्ष भर की गतिविधियों की एक डॉक्यूमेंट्री प्रदर्शनी का आए हुए सभी लोगों को अवलोकनार्थ कराया गया। सभी टॉप रैंक छात्र छात्राओं को मनचासिन अतिथियों द्वारा मेडल सर्टिफिकेट स्मृति चिन्ह प्रतिभा सम्मान प्रदान करते हुए सम्मानित किया गया। विद्यालय के शिक्षक हरिओम श्रीवास्तव ने अपनी तरफ से टॉप रैंक स्थान अर्जित करने वाले छात्र छात्राओं को पांच पांच हजार रुपए कुल 20 हजार अभिप्रेरणा स्वरूप प्रदान किया। संदीपनी विद्यालय के छात्र छात्राओं ने जिले में उत्कस्थ स्थान अर्जित करते हुए जो 136 लैपटॉप प्राप्त करने का अनूठा इतिहास अर्जन किया है। विधायक ने कहा कि अथक प्रयासों से आज संदीपनी विद्यालय संपूर्ण मध्यप्रदेश में अपनी एक अलग पहचान बनाए रखने में अपना स्थान अर्जित किया है। संदीपनी विद्यालय मैहर को कई विधाओं में उत्कृष्ट स्थान अर्जित करने के लिए विभिन्न पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है। आए हुए समस्त अतिथियों ने इस जिले में टॉप रैंक स्थान परिणाम आने के लिए कोटि कोटि धन्यवाद साधुवाद स्कूल प्रबंधक प्राचार्य सहित समस्त गुरुजन समुदाय को प्रदान किया। आए हुए समस्त अतिथियों का आभार प्रकट विद्यालय के प्राचार्य दिनेश पुरी गोस्वामी ने किया एवं बेहतरीन मधुर साहित्यिक शब्दों के समावेश से संचालन श्रीमति स्नेहलता वर्मा ने किया।

## रेलवे माल गोदाम के पास पेड़ से लटका मिला युवक का शव, गुत्थी सुलझाने में जुटी पुलिस



**सतना।** शहर के रेलवे स्टेशन क्षेत्र में उस वक्त सनसनी फैल गई,जब माल गोदाम के आगे एक सुनसान इलाके में पेड़ से लटका हुआ एक युवक का शव बरामद किया गया। मृतक की पहचान 26 वर्षीय संजय चौहान के रूप में हुई है,जो मूलतः पन्ना जिले के रामनगर का निवासी था।

### घटना का विवरण

जानकारी के अनुसार,संजय सतना में एक मैरिज गार्डन में वेटर का काम करता था। बुधवार को उसका शव संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे पर लटका पाया गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर जीआरपी (राजकीय रेलवे पुलिस) तुरंत मौके पर पहुँची और शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा तैयार किया। पुलिस इस मामले को आत्महत्या और हत्या,दोनों ही दृष्टिकोणों से देख रही है।घटना को लेकर कई सवाल खड़े हो रहे हैं। क्या युवक ने मानसिक तनाव के चलते यह आत्मघाती कदम उठाया? या फिर किसी रंजिश के चलते उसकी हत्या कर शव को आत्महत्या का रूप देने के लिए लटका दिया गया? शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो पाएगा। पुलिस हर पहलू की बारीकी से जांच कर रही है।

### परिजनों में मचा कोहराम

जीआरपी की सूचना मिलते ही मृतक के परिजन पन्ना से सतना पहुँच गए हैं। जवान बेटे का शव देख परिवार में मातम पसरा हुआ है। फिलहाल,पुलिस परिजनों और कार्यस्थल के साथियों से पूछताछ कर रही है ताकि मौत से पहले की कड़ियों को जोड़ा जा सके।

खबर संक्षेप

## ककरन तलैया के पास मिला 30 वर्षीय युवक अनिल का शव



**अमानगंज।** अमानगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम बम्होरी में एक युवक की धारदार हथियार से गोदकर निर्मम हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान 30 वर्षीय अनिल दहायत के रूप में हुई है, जिसका शव आज बुधवार 29 अप्रैल को ककरन तलैया के पास संदिग्ध अवस्था में मिला।घटना की जानकारी मिलते ही पूरे गांव में हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि मृतक अनिल मजदूरी करके अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। उसकी मौत के बाद उसकी दो मासूम बेटियों के सिर से पिता का साया उठ गया है, जिससे परिवार में कोहराम मचा हुआ है। वही मृतक के पिता बैजू दहायत ने गांव के ही चार व्यक्तियों पर हत्या का सीधा आरोप लगाया है। पिता का कहना है कि उनका पुत्र मंगलवार शाम करीब 5 बजे घर से निकला था। जिसके बाद वह घर नही लौटा फिर आज उन्हें गाँव के लोगो ने जानकारी दी कि उनके बेटे का शव तलैया के पास पड़ा है। हालांकि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की सरगर्मी से तलाश की जा रही है। हत्या के असली कारणों का खुलासा जांच के बाद ही हो पाएगा।

## चांपा में श्रीमद्भागवत कथा



**पन्ना।** ग्राम चांपा में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में भक्ति का अनूठा वातावरण बना हुआ है। मथुरा-वृंदावन से पधारे सुप्रसिद्ध कथा वाचक पंडित बृजमोहन शास्त्री जी के मुखारविंद से कथा का रसपान कराया जा रहा है। कथा के छठवें दिन भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मणी विवाह का मनोहारी प्रसंग प्रस्तुत किया गया, जिसे देखकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। छठवें दिन रुक्मणी विवाह का आयोजन बड़े ही धूमधाम और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न हुआ। विवाह प्रसंग के दौरान पूरा पंडाल भक्तिमय गीतों और भजनों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने इस दिव्य आयोजन में बढ़-चढ़कर भाग लिया और भगवान के विवाह उत्सव का आनंद लिया। गौरतलब है कि श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ 23 अप्रैल को भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ था, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए थे। यह कथा 1 मई तक चलेगी, जिसके समापन अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। यह श्रीमद्भागवत कथा ग्राम चांपा में आयोजित की जा रही है, जिसका सफल संचालन आयोजक केश कली रमेश उपाध्याय, ज्योति नितेश उपाध्याय, वर्षा रज्जन उपाध्याय एवं महालक्ष्मी पंकज उपाध्याय द्वारा किया जा रहा है। कथा स्थल पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर कथा श्रवण कर रहे हैं। आयोजकों ने सभी धर्मप्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

## जिगनी पंचायत में सरपंच के जीत प्रमाण पत्र में देरी



**पन्ना।** जनपद पंचायत अंतर्गत की ग्राम पंचायत जिगनी ग्राम पंचायत में सरपंच पद के चुनाव के बाद भी विजेता को एक दिन बीत जाने के बावजूद प्रमाणपत्र नहीं मिलने से मामला चर्चा का विषय बन गया है। यह पूरा घटनाक्रम अजयगढ़ जनपद पंचायत क्षेत्र का है, जहां 28 अप्रैल 2026 को पंचायत चुनाव संपन्न हुआ था। जानकारी के अनुसार, सरपंच पद के लिए चुनाव पंचों के माध्यम से कराया गया, जिसमें प्रत्याशी प्रेमा सिंह लोध और राधा सिंह लोध को बराबर सात-सात मत प्राप्त हुए। मतों की बराबरी होने की स्थिति में नियमानुसार पर्ची निकालकर फैसला किया गया, जिसमें राधा सिंह लोध का नाम निकलने पर उन्हें सरपंच पद का विजेता घोषित कर दिया गया। चुनाव के दौरान उपस्थित अधिकारियों ने नव-निर्वाचित सरपंच को 29 अप्रैल को जनपद पंचायत कार्यालय से विजय प्रमाणपत्र देने का आश्वासन दिया था। इसी उम्मीद के साथ राधा सिंह लोध अपने समर्थकों के साथ 29 अप्रैल को जनपद पंचायत कार्यालय पहुंचीं और वहां के सीईओ से मुलाकात की। हालांकि, उन्हें यह कहकर लौटा दिया गया कि प्रमाणपत्र अभी तैयार नहीं है और इसे दो से तीन दिन बाद जारी किया जाएगा।

# पुण्यधरा पर सजेगा आध्यात्मिक महाकुंभ, श्री जुगल किशोर जी मंदिर प्रांगण बनेगा भक्ति और संत समागम का केंद्र

### श्री जुगल किशोर जी मंदिर प्रांगण में 15 दिवसीय (15 जुलाई से 29 जुलाई) श्रीमद्भागवत एवं श्री भक्तमाल कथा, परम पूज्य श्री किशोर दास जी महाराज एवं श्री राजेंद्र दास जी महाराज की पावन वाणी से गूंजेगा पन्ना

पन्ना। ‹





धर्म, अध्यात्म और संत परंपरा की पुण्यस्थली पन्ना एक बार फिर ऐसे अलौकिक आध्यात्मिक आयोजन की साक्षी बनने जा रही है, जिसकी गूंज संपूर्ण बुंदेलखंड, विंध्य प्रदेश, महाकौशल तथा पन्ना से लगे उत्तर प्रदेश के अनेक जिलों तक सुनाई देगी। आगामी जुलाई माह में श्री जुगल किशोर जी मंदिर प्रांगण में प्रस्तावित 15 दिवसीय (15 जुलाई से 29 जुलाई) भव्य एवं बृहद दैविक आयोजन श्रीमद्भागवत एवं श्री भक्तमाल कथा को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं।इस विराट आयोजन की पूर्व तैयारियों, व्यवस्थाओं और कथा स्थल की रूपरेखा का जायजा लेने परम पूज्य गुरुदेव भगवान श्री किशोर दास जी महाराज, ठाकुर श्री गौरी लाल कुंज, वृंदावन धाम स्वयं पन्ना पहुंचे और श्री जुगल किशोर जी मंदिर प्रांगण सहित आयोजन हेतु चयनित विभिन्न व्यवस्थागत स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान आयोजन के मुख्य जजमान बृजेंद्र प्रताप सिंह गुरुदेव के साथ मौजूद रहे और उन्होंने कथा आयोजन, संत समागम एवं श्रद्धालुओं की सुविधाओं से संबंधित सभी तैयारियों की जानकारी दी।निरीक्षण के दौरान परम पूज्य श्री किशोर दास जी महाराज ने श्री जुगल किशोर सरकार के श्रीचरणों में वंदन कर कथा महोत्सव की सफलता के लिए मंगलकामना की। इस अवसर पर मुख्य जजमान बृजेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि श्री जुगल किशोर जी मंदिर प्रांगण में होने वाला यह आयोजन पन्ना के धार्मिक इतिहास में नया अध्याय लिखेगा।उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा और श्री भक्तमाल कथा श्री जुगल किशोर जी मंदिर प्रांगण में ही संपन्न होगी, जहां 15 दिवसीय (15 जुलाई से 29 जुलाई) भक्ति, साधना, कथा और संतवाणी की दिव्य धारा प्रवाहित होगी। यह स्थल केवल आयोजन स्थल नहीं, बल्कि उन दिनों एक जीवंत आध्यात्मिक धाम के रूप में परिवर्तित होगा।इस भव्य आयोजन की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि श्री श्री 108 परम पूज्य राजेंद्र दास जी महाराज, मलूकपीठाधीश्वर वृंदावन धाम की श्रीमुख से तथा परम पूज्य श्री श्री 108 श्री किशोर दास जी महाराज की अमृतमयी वाणी से श्री जुगल किशोर जी मंदिर प्रांगण में 15 दिवसीय (15 जुलाई से 29 जुलाई) श्रीमद्भागवत एवं श्री भक्तमाल कथा का अमृत वर्षण होगा।धर्माचार्यों के अनुसार श्रीमद्भागवत कथा जीवन को धर्म, भक्ति और मोक्ष का मार्ग दिखाती है, जबकि भक्तमाल कथा संतों, भक्तों और गुरु परंपरा की गौरवगाथा सुनाकर आत्मा को भक्ति रस में सराबोर करती है। जब यह दोनों कथाएं श्री जुगल किशोर जी मंदिर प्रांगण जैसे पावन स्थल पर राजेंद्र दास जी महाराज और किशोर दास जी महाराज की श्रीमुख से प्रवाहित होंगी, तब यह आयोजन साधारण नहीं बल्कि दैविक महोत्सव बन जाएगा।मुख्य जजमान बृजेंद्र प्रताप सिंह के संरक्षण में इस आयोजन को ऐतिहासिक स्वरूप देने की तैयारी की जा रही है। कथा पंडाल, संत आवास, विशाल श्रद्धालु व्यवस्था, प्रसाद वितरण, यातायात, सुरक्षा और दर्शन व्यवस्था सहित सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।विशेष रूप से श्री जुगल किशोर जी मंदिर प्रांगण को इस महोत्सव के लिए आध्यात्मिक और सांस्कृतिक रूप से विशेष सज्जा के साथ विकसित किया जा रहा है, जिससे यहां आने वाले श्रद्धालुओं को वृंदावन और तीर्थधाम जैसा अनुभव प्राप्त हो।यह आयोजन केवल पन्ना तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि बुंदेलखंड, विंध्य, महाकौशल तथा उत्तर प्रदेश के सीमावर्ती जिलों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु श्री जुगल किशोर जी मंदिर प्रांगण पहुंचकर कथा श्रवण करेंगे। संत समाज और श्रद्धालुओं का मानना है कि यह आयोजन क्षेत्रीय नहीं बल्कि व्यापक धार्मिक जनआस्था का महाकुंभ बनने जा रहा है।इसी अवसर पर परम पूज्य श्री किशोर दास जी महाराज का गुरु पूर्णिमा महोत्सव भी पन्ना में आयोजित होगा। गुरुपूजन और संत वंदन का यह अवसर धार्मिक वातावरण को और अधिक दिव्यता प्रदान करेगा। देशभर से शिष्य और श्रद्धालु गुरुचरणों में श्रद्धा अर्पित करने पन्ना पहुंचेंगे।धार्मिक जानकारों के अनुसार जब राजेंद्र दास जी महाराज की ज्ञानगंगा और किशोर दास जी महाराज की रसधारा श्री जुगल किशोर जी मंदिर प्रांगण से प्रवाहित होगी, तब पन्ना की यह भूमि सचमुच आध्यात्मिक तीर्थ में परिवर्तित हो जाएगी।आयोजन समिति के अनुसार कथा के दौरान संत समागम, वैदिक अनुष्ठान, भजन संध्या, दिव्य प्रवचन और विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों की श्रृंखला भी आयोजित होगी। मुख्य जजमान बृजेंद्र प्रताप सिंह लगातार तैयारियों की मॉनिटरिंग कर रहे हैं ताकि यह आयोजन पन्ना के इतिहास का सबसे भव्य धार्मिक आयोजन बन सके। श्रद्धालुओं का कहना है कि पन्ना के लिए यह परम सौभाग्य का विषय है कि श्रीमद्भागवत कथा और श्री भक्तमाल कथा श्री जुगल किशोर जी मंदिर प्रांगण में संपन्न हो रही हैं, जहां स्वयं श्री राजेंद्र दास जी महाराज और श्री किशोर दास जी महाराज की वाणी से भक्तों को दिव्य अमृत प्राप्त होगा।निश्चित रूप से जुलाई माह में श्री जुगल किशोर जी मंदिर प्रांगण में होने वाला यह 15 दिवसीय (15 जुलाई से 29 जुलाई) श्रीमद्भागवत एवं श्री भक्तमाल कथा महोत्सव केवल आयोजन नहीं, बल्कि धर्म, संस्कृति, गुरु भक्ति और संत परंपरा का विराट उत्सव होगा।पन्ना की धरती पर श्री जुगल किशोर सरकार की कृपा, संतों की वाणी और मुख्य जजमान बृजेंद्र प्रताप सिंह के संरक्षण में सजने जा रहा यह आयोजन वास्तव में आध्यात्मिक महाकुंभ से कम नहीं होगा।



## सर्वेश्वर नाथ मंदिर की 73.85 हेक्टेयर कृषि भूमि की नीलामी हुई संपन्न

### लगभग ढाई सौ किसान हुए प्रक्रिया में शामिल, 40 ने ली जमीन



**पवई।** धार्मिक न्यास और धर्मस्य विभाग के निर्देशानुसार अनुविभागीय अधिकारी राजस्व समीक्षा जैन,तहसीलदार श्रीमती रत्न राशि पांडे और नायब तहसीलदार न्यायालय महेंद्र द्विवेदी द्वारा मंगलवार को तहसील कार्यालय परिसर पवई में ग्राम बिरसिंहपुर सुरदहा स्थित श्री श्री 108 श्री सर्वेश्वर नाथ मंदिर में दर्ज कृषि भूमि की नीलामी प्रक्रिया संपन्न हुई। मंदिर कृषि भूमि से जुड़ी इस नीलामी प्रक्रिया में 73.8 5 हेक्टेयर जमीन के लिए लगभग ढाई सौ किसानों ने बोली लगाई जिसमें 40 किसानों के द्वारा यह जमीन ली गई। शासन द्वारा इस 73.85 हेक्टेयर जमीन के लिए 21 लाख 46 हजार 700 रुपए की राशि में अप्रैल 2027 तक के लिए आरक्षित की गई है।

# पुलिस द्वारा देवेन्द्रनगर थाना क्षेत्र से गुमे नाबालिग बालक को किया दस्तयाब

पन्ना।



पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन में थाना देवेन्द्रनगर क्षेत्रांतर्गत गुमशुदा नाबालिग बालक को पुलिस द्वारा त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही करते हुए सकुशल दस्तयाब किया गया है तथा प्रकरण में आरोपी को भी गिरफ्तार किया गया है। दिनांक 20.04.2026 को फरियादिया सरस्वती कोरी पति सुनील कोरी उम्र 38 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 13 बमरी द्वारा थाना देवेन्द्रनगर में रिपोर्ट की गई कि उनका नाबालिग पुत्र संगम कोरी उम्र 13 वर्ष, दिनांक 19.04.2026 को सुबह घर से बिना बताए कहीं चला गया है। फरियादिया द्वारा आशंका व्यक्त की गई कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बालक को बहला-फुसलाकर ले जाया गया है। फरियादिया की रिपोर्ट पर थाना देवेन्द्रनगर में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 185/2026 धारा 137(2) बीएनएस के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर तत्काल बालक की तलाश प्रारंभ की गई। पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज का गहन विश्लेषण किया गया एवं विभिन्न व्यक्तियों से पूछताछ कर जानकारी संकलित की गई। साथ ही संभावित स्थानों पर लगातार सर्चिंग की गई। सतत प्रयासों के फलस्वरूप दिनांक 28.04.2026 को उक्त नाबालिग बालक संगम कोरी को सगमा सीमेंट फैक्ट्री, मैहर के वाहन पार्किंग स्थल से सकुशल दस्तयाब किया गया। बालक पूर्णतः सुरक्षित है। प्रकरण में आरोपी गुलजीत दहायत उर्फ राज पिता राघवेन्द्र दहायत, उम्र 28 वर्ष, निवासी ग्राम दुबहियाँ थाना देवेन्द्रनगर जिला पन्ना को अभिरक्षा मे लेकर आरोपी से पूछताछ जारी है। बालक की सकुशल बरामदगी से परिजन अत्यंत प्रसन्न हैं एवं उन्होंने देवेन्द्रनगर पुलिस की तत्परता एवं प्रभावी कार्यवाही के लिए आभार व्यक्त किया है। उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी देवेन्द्रनगर उप निरीक्षक संतोष यादव सहित समस्त थाना स्टॉफ का सराहनीय योगदान रहा है।

### पुलिस की जनहित में अपील -

सभी अभिभावकों से निवेदन है कि अपने नाबालिग बच्चों की गतिविधियों पर विशेष ध्यान रखें। वर्तमान समय में कुछ बच्चे गलत संगत, नशे की लत, ऑनलाइन गेमिंग की लत एवं डिजिटल माध्यमों के दुरुपयोग के कारण घर से बिना बताए चले जाते हैं अथवा भटक जाते हैं। अतः अभिभावकगण से अपेक्षा है कि- बच्चों के मित्रों, दिनचर्या एवं व्यवहार पर सतत निगरानी रखें। बच्चों के साथ नियमित संवाद बनाए रखें एवं उनकी समस्याओं को समझें। मोबाइल फोन, इंटरनेट उपयोग एवं ऑनलाइन गेमिंग की आदतों पर विशेष नियंत्रण रखें। अत्यधिक ऑनलाइन गेमिंग, सोशल मीडिया या इंटरनेट की लत को गंभीरता से लें, यह भी नशे की लत के समान प्रभाव डाल सकती है। बच्चों को नशे एवं गलत संगत के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक करें। बच्चों के अचानक व्यवहार में परिवर्तन, चिड़चिड़ापन या एकांतप्रियता को नजरअंदाज न करें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

# यातायात पुलिस द्वारा शुक्ला-खरे कोचिंग सेंटर के छात्र/छात्राओं को हेलमेट की अनिवार्यता को लेकर आयोजित किया गया जागरुकता कार्यक्रम

पन्ना।




प्रदेश में प्रतिवर्ष सड़क दुर्घटनाओं के कारण असंख्य अमूल्य जानें समाप्त हो जाती हैं। इनमें से अधिकांश दुर्घटनाएं यातायात नियमों की अनदेखी,असावधानी एवं लापरवाही के कारण होती है। इनमें से 50 प्रतिशत मृत्यु दो पहिया वाहन चालकों की होती है,जो अधिकांश वाहन चालक द्वारा हेलमेट नहीं पहनने से होती है। पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा इन बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट धारण करने की अनिवार्यता को लेकर प्रदेश स्तर पर दिनांक 26.04.2026 से 15 दिवसीय विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। जिस अनुक्रम में पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती बंदना सिंह चौहान के निर्देशन में थाना प्रभारी यातायात निरीक्षक नीलम लक्षकार ने शुक्ला-खरे कोचिंग सेंटर पन्ना के छात्र/छात्राओं को यातायात नियमों का अनिवार्य रुप से पालन करने साथ ही दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट की अनिवार्यता को लेकर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजित जागरुकता कार्यक्रम में थाना प्रभारी यातायात निरीक्षक श्रीमती नीलम लक्षकार द्वारा सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए, कोंचिंग सेंटर में उपस्थित छात्र/छात्राओं से यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करने और हेलमेट की अनिवार्यता को सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया। हाल के दिनों में, यह देखा गया है कि सड़क दुर्घटनाओं में वृद्धि हुई है, जिसका एक मुख्य कारण यातायात नियमों की अनदेखी और दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट न पहनना है। सभी दो पहिया वाहन चालकों और पीछे बैठी सवारी (पिलियन राइडर) के लिए आई.एस.आई. (प्) मार्क वाला हेलमेट पहनना अनिवार्य है। साथ ही हेलमेट को सही तरीके से लगाना और उसकी स्ट्रिप (पट्टा) बांधना आवश्यक है साथ ही चार पहिया वाहन में चालक सहित सभी यात्रियों के लिए सीट बेल्ट लगाना अनिवार्य है। थाना प्रभारी निरीक्षक नीलम लक्षकार ने कहा कि ष्यातायात नियम आपकी और आपके प्रियजनों की सुरक्षा के लिए बनाए गए हैं। सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों में हेलमेट न पहनना एक प्रमुख कारण है। मेरी आप लोंगों से अपील है कि,वे अपनी जिम्मेदारी समझें और हेलमेट को सुरक्षा कवच के रूप में अपनाएं और अपनी परिवार के अन्य लोंगों को भी सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने में मदद करें।

## सूदखोर दबंग सुनील पटेल की प्रताड़ना से परेशान किसान परिवार, मोटर साइकिल, ट्रैक्टर छीने, लाखों की कर रहा मांग

**पन्ना।** जिले के गुनौर थाना अंतर्गत ग्राम बिल्हा निवासी शिवकुमार शर्मा तथा उसके भाई रमाशंकर शर्मा ने पुलिस अधीक्षक के नाम दिए आवेदन के माध्यम से बताया कि हम लोग गुनौर निवासी सूदखोर दबंग सुनील उर्फ़ अशोक पटेल से बहुत परेशान हैं उसके द्वारा हमारी जमीन अधिया ठेका पर ली गई थी इसके बाद में हमारे द्वारा कुछ पैसे उधार लिए थे हमारे द्वारा हिसाब कर दिया गया पैसे दे दिए गए उसके बावजूद सुनील पटेल द्वारा गुनौर थाना में पदस्थ प्रधान आरक्षक राकेश कुमार अहिरवार के साथ मिलकर जबरदस्ती परेशान किया जा रहा है सुनील द्वारा सितंबर 2025 में जबरदस्ती हमारी मोटरसाइकिल छीन ली गई जिसकी शिकायत थाना देवेंद्र नगर में की गई थी पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई आज भी वह मोटरसाइकिल अपने पास रखे हैं जबकि युक्त मोटरसाइकिल हमारे नाम बाकायदा रजिस्टर्ड है इसी प्रकार दबंग सुनील द्वारा दिनांक 1 मार्च 2026 को मेरे घर में ताला लगा हुआ था । मेरी मां श्रीमती रामकली आंख का इलाज कराने चित्रकूट गई हुई थी मैं बाहर था मेरा छोटा भाई रमाशंकर खेत पर काम कर रहा था इस दौरान सुनील उर्फ अशोक पटेल चार-पांच लोगों के साथ हमारे घर पहुंचा तथा घर में घुस गए घर में खड़ा ट्रैक्टर महिंद्रा 585 जबरदस्ती उठा कर ले गए तथा उसमें लगभग 4000 का डीजल भी था उक्त लोगों द्वारा घर में लूट भी की गई जिसकी जानकारी छोटे भाई रमाशंकर को मिलने पर गुनौर थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई इस प्रकार सुनील उर्फ़ अशोक पटेल मेरी मोटरसाइकिल एवं ट्रैक्टर रखे हुए हैं जो कि मेरे नाम दर्ज है अनेकों बार गुनौर थाना गए पुलिस अधीक्षक कार्यालय डीआईजी कार्यालय आईजी कार्यालय डीजीपी कार्यालय तक आवेदन के माध्यम से पीड़ति ने न्याय दिलाने के लिए गुहार लगाई है लेकिन संबंधितों पर कोई कार्यवाही नहीं की जा रही हैं। पीड़ति ने फिर से पुलिस अधीक्षक के नाम आवेदन देकर आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने तथा न्याय दिलाने की गुहार लगाई है यदि किसी प्रकार अपराधियों को संरक्षण दिया जाता रहा तो लोगों का विश्वास पुलिस की कानून व्यवस्था से उठ जाएगा। ‹




### इनका कहना है

संबंधित मामला आपके द्वारा मेरे संज्ञान में लाया गया है आपके द्वारा आवेदन की भेजी गई प्रति मुझे प्राप्त हुई है जल्द ही दोषी पर कार्रवाई करेंगे। राजीव सिंह भदोरिया अनुविभागीय अधिकारी पुलिस गुनौर

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव करेंगे उपार्जन केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण किसी भी समय,कहीं भी उतर सकता है मुख्यमंत्रीजी का हेलीकॉप्टर



**पन्ना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रदेश में उपार्जन केंद्र पर चल रही गेहूँ उपार्जन की प्रक्रिया का आने वाले दिनों में आकस्मिक निरीक्षण करेंगे और किसानों से संवाद कर व्यवस्थाओं की जानकारी लेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव यह भी देखेंगे कि निर्देशानुसार शासन-प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली सभी सुविधाएं किसानो को प्राप्त हो रही है या नहीं।

**किसानों भाइयों के लिये उपार्जन केन्द्रों में उपलब्ध सुविधाएँ-** S उपार्जन केन्द्र पर किसानों की सुविधा के लिए पीने का पानी, बैठने के लिए छायादार स्थान, जन सुविधाएं आदि की व्यवस्थाएं की गई हैं। किसानों को समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय में किसी प्रकार की परेशानी न हो एवं उपज विक्रय के लिए इंतजार न करना पड़े इसके लिये किसानों को जिले के किसी भी उपार्जन केन्द्र पर उपज विक्रय करने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। किसानों को गेहूँ की तौल के लिये इंतजार नहीं करना पड़े इस हेतु उपार्जन केन्द्रों में तौल कांटों की संख्या बढ़ाकर 6 कर दी गई है और अधिक तौल कांटे बढ़ाने की सुविधा अब जिलो को दी गई है। गेहूँ के लिये एफएक्यू मापदंड में शिथिलता प्रदान की गई है। चमक विहीन गेहूँ की सीमा 50 प्रतिशत तक की गई है। सूकड़े दाने की सीमा 6 प्रतिशत से बढ़ाकर 10 प्रतिशत तक की गई है। क्षतिग्रत दानों की सीमा बढ़ाकर 6 प्रतिशत तक की गई है। किसानों के उपज की तौल समय पर हो सके इसके लिये बारदाने, तौल कांटे, हम्माल तुलावटी, सिलाई मशीन, कम्प्यूटर, नेट कनेक्शन, कूपन ,गुणवत्ता परीक्षण उपकरण, उपज की साफ-सफाई के लिए पंखा, छन्ना आदि व्यवस्थाएं उपार्जन केन्द्र पर उपलब्ध कराई जा रही हैं।

**खबर संक्षेप**

### जिला पंचायत सभाकक्ष में सामान्य सभा की बैठक कल

**छतरपुर।** म.प्र. शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग भोपाल के निर्देशानुसार 30 अप्रैल 2026 को जिला पंचायत सभाकक्ष में दोपहर 3 बजे से सामान्य सभा की बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष विद्या अग्निहोत्री की अध्यक्षता में संपन्न होगी। बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान की विस्तृत समीक्षा एवं अन्य समसामयिक विषयों पर चर्चा की जाएगी। बैठक में संबंधित अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से निर्धारित समय पर उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है।

### छतरपुर में खुलेआम मारपीट, बदमाशों ने दो ग्रामीणों को बेरहमी से पीटा

**छतरपुर।** शहर के संकट मोचन तिराहे के पास दिनदहाड़े मारपीट का मामला सामने आया है, जहां स्थानीय बदमाश गुलाम खान और उसके साथियों ने दो ग्रामीणों पर हमला कर दिया। पीड़ित बीरेंद्र श्रीवास और रामपाल रजक किसी काम से शहर आए थे, तभी ई-रिक्शा चालक से विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर गुलाम खान अपने चार-पांच साथियों के साथ मौके पर पहुंचा और दोनों को बुरी तरह पीट दिया। घटना का वीडियो वहां मौजूद लोगों ने बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पीड़ितों ने कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई है, लेकिन अभी तक एफआईआर नहीं होने से पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छतरपुर में वाहन चालक की भर्ती

**छतरपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला न्यायालय छतरपुर द्वारा संविदा आधार पर वाहन चालक के 01 पद हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह नियुक्ति 2 वर्ष की अवधि के लिए की जाएगी।आवेदन प्रक्रिया 25 अप्रैल 2026 से प्रारंभ हो चुकी है, जबकि आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 05 मई 2026 निर्धारित की गई है। योग्य अभ्यर्थियों की सूची 12 मई 2026 को जारी की जाएगी, जबकि साक्षात्कार की तिथि बाद में घोषित की जाएगी।इस पद के लिए अभ्यर्थी का 10वीं पास होना, वैध ड्राइविंग लाइसेंस तथा कम से कम 3 वर्ष का वाहन चलाने का अनुभव अनिवार्य है। मैकेनिकल योग्यता रखने वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी। आयु सीमा 18 से 35 वर्ष निर्धारित है, जिसमें नियमानुसार आरक्षित वर्ग को छूट दी जाएगी। चयनित अभ्यर्थी को 12,000 रुपये प्रतिमाह वेतन दिया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन पत्र जिला न्यायालय परिसर स्थित एडीआर भवन से प्राप्त कर सकते हैं और आवश्यक दस्तावेजों के साथ निर्धारित प्रारूप में आवेदन 05 मई 2026 शाम 5 बजे तक स्वयं या डाक के माध्यम से जमा कर सकते हैं। देर से प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

### आवेदिका अंजू रैकवार को मिली अनुकंपा नियुक्ति

**छतरपुर।** विगत रोज मंगलवार को कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला स्तरीय जनसुनवाई सम्पन्न हुई। जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ नमः शिवाय अरजरिया के पास आवेदिका अंजू रैकवार अपने पति की अनुकंपा नियुक्ति के लिए पहुंची थी। इनके पति स्व. धनीराम रैकवार जो जनपद पंचायत बिजावर में भृत्य के पद पर कार्यरत थे। जिनका शासकीय सेवा में रहने के रेहते हुए स्वर्गवास हो गया था। आवेदिका ने बताया कि पति की दुःखद मृत्यु के बाद परिवार में आर्थिक समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

जनसुनवाई में आवेदिका के आवेदन पत्र पर पूरी संवेदनशीलता से जिला पंचायत सीईओ श्री अरजरिया ने सुनवाई करते हुए कलेक्टर श्री जैसवाल के निर्देशन में तत्काल नियुक्ति देने के प्रक्रिया प्रस्तावित की और मात्र दो घंटे में ही कलेक्टर श्री जैसवाल ने कलेक्ट्रेट कक्ष से आवेदिका श्रीमती अंजू को नियुक्ति पत्र सौंपा। अनुकम्पा नियुक्ति पाकर आवेदिका के चेहरे की मुस्कान खिल उठी। अनुकम्पा नियुक्ति की त्वरित प्रक्रिया से आर्थिक संकट के बीच अंजू को संबल मिला है।

अवैध शराब के कई वीडियो वायरल, फिर भी सन्नाटा : शराब दुकानों का खुलने का और बंद होने का अब समय नहीं है निर्धारित

# आबकारी विभाग की छत्रछाया में शराब की खुली लूट, निर्धारित रेट से कई गुना अधिक वसूली?

**छतरपुर। वर्ष 2025-26 के लिए आबकारी दुकानों के ठेके मार्च में हुए थे और 1 अप्रैल 2026 से नए ठेकेदारों को दुकानों का आवंटन प्राप्त हो चुका है। लेकिन नए ठेकेदारों के भाग्य खुल गए है क्योंकि एक माह का समय बीत चुका है और पूरे जिले में निर्धारित रेट से कई गुना अधिक दामों पर शराब बेची जा रही है। पहले शराब की दुकानें खुलने का समय निर्धारित रहता था लेकिन इस बर्ष शराब दुकान खुलने का और बंद होने का समय इसलिए निर्धारित नहीं है क्योंकि आबकारी अधिकारी अम्रता जैन ने ठेकेदारों को पूरी तरह से संरक्षण दे रहा है। पिछले एक माह में शराब के बढ़े हुए दामों ने एक दशक का रिकार्ड तोड़ दिया है।** अभी कुछ दिनों पहले लवकुशनगर का एक बीडियो ओवररेटिंग का जारी हुआ था लेकिन ठेकेदार के विरूद्व कोई विशेष कार्यवाही नहीं की गई है। जिसका नतीजा देखने को यह मिल रहा है कि जिले के किसी भी कोने में स्थित शराब दुकान मे शराब खरीदने पहुंच जाएें, तो आपको पता चला जाएगा कि एमआरपी रेट से कितना अधिक पैसा लिया जा रहा है।

छतरपुर जिले का यह इतिहास रहा है कि भले ही शराब दुकानों से शराब के शौकीन लोग खरीद कर अपना शौक पूरा करते रहें हो। लेकिन आबकारी अधिकारी अम्रता जैन के कार्यकाल में 24 घंटे होम डिलेवरी के माध्यम से शराब की बिक्री चालू हो जाती है। सिर्फ एक फोन घुमाने पर मांगी गई ब्रांड की शराब घर पर पहुंचा दी जाती है। होम डिलेवरी करने वाले कोई और नहीं बल्कि ठेकेदार के ही गुर्गे होते है। जो पूरे दिन बिना नम्बर की बाईकों में इधर उधर घूम कर शराब की सप्लाई करते है। आबकारी अधिकारी के संरक्षण में गांव गांव में अघोषित रूप से शराब की दुकानें खुल चुकी है। और इन अबैध शराब दुकानों मे देर रात तक ग्रामीणों को शराब उपलब्ध हो जाती है। कहने के लिए किराना की दुकाने है लेकिन पीछे के दरबाजे से अबैध शराब बेची जाती है। गांव गांव खुली अबैध शराब की दुकानों में परिवारों की सुख शांति छीन ली है। अबैध शराब के कारण ही परिवारों मे आये दिन संघर्ष हो रहे है यहां तक की अबैध शराब के चक्कर में कई महिलाएं अपने पतियों के अत्याचार का शिकार हो रही है। लेकिन इसके बावजूद भी महिला आबकारी अधिकारी महिला होने के बाद भी महिलाओं का दर्द नहीं समझ रही की उन पर क्या बीत रही है। अगर एक महिला




होने के नाते आबकारी अधिकारी उनकी समस्या का समझती तो शायद आज गांव गांव शराब ना बिक रही होती।

प्रशासन और लोगों को देखने के लिए शराब की दुकाने देर रात जरूर बंद कर दी जाती है। लेकिन अबैध बिक्री नहीं बंद होती इस अबैध बिक्री के लिए ठेकेदारों ने एक नया हथकंड़ा अपना लिया है। इस नए हथकंडे के तहत शराब दुकान में एक छोटी बिन्डों तैयार की गई है। जिसे लोग तत्काल समझ भी नहीं पाते है जैसे ही दुकान बंद करने का समय होता है तो सोची समझी चाल के तहत एक कर्मचारी पहले से ही दुकान में अण्डर ग्राउण्ड हो जाता है और दुकान बाहर से ताला लगाकर बंद कर दी जाती है।लेकिन यह कर्मचारी पूरी रात छोटी बिन्डों से शराब की अबैध बिक्री चोरी छिपे करता रहता है। अंत में सुना यह भी गया है कि शराब की ओवर रेटिंग रोकने के लिए आबकारी अधिकारी अम्रता जैन ने शराब दुकानों को क्यूआर कोड भी जारी किया है लेकिन यह क्यू आर कोड उन लोगों के लिए दिखावा साबित होगा जिन ग्रामीणों के पास मोबाईल भी नहीं है ऐसे स्थिति में वह क्यूआर कोड का कैसे उपयोग कर सकेंगे। ज्यादा आरोप प्रत्यारोप से बचने के लिए ही आबकारी अधिकारी ने क्यूआर कोड जारी करने का नया शिगूफा छोड़ा है।

यूपी के बांदा जिले की सीमा से लगे हुए गौरिहार क्षेत्र में ठेकेदार, आबकारी विभाग के संरक्षण में खुलेआम शराब अधिक दामों मे बेची जा रही है। जब शराब के शौकीन लोग बढ़े हुए दामों का विरोध करते है तो दुकानदार का स्पष्ट कहना रहता है कि हमारे ठेकेदार का आदेश है कि कई गुना अधिका दाम पर शराब बेचना है। यदि अधिक दाम पर शराब नहीं बेचगे तो आबकारी विभाग और पुलिस बिभाग को हर माह नजराना कैसे पहुंचाएगें आबकारी अधिकारी का भी गौरिहार के ठेकेदार को खुला संरक्षण मिला हुआ है, बीते दिनों पहले बारीगढ़ क्षेत्र में अवैध दारू के कई वीडियो वायरल हुए थे उसके बाद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

## युवा छात्र-छात्राओं के लिए यातायात पुलिस द्वारा ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन 2 मई से

**छतरपुर।** पुलिस अधीक्षक अगम जैन के निर्देशन में इस वर्ष भी शहर के स्कूली एवं कॉलेज छात्र-छात्राओं के लिए यातायात ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 2 मई से 5 मई 2026 तक चलेगा। ट्रैफिक प्रशिक्षण शाला, पार्क थाना यातायात परिसर बिजावर नाका में आयोजित होने वाले इस शिविर का उद्देश्य बच्चों को सड़क सुरक्षा, ट्रैफिक नियमों तथा जिम्मेदार नागरिक बनाने की शिक्षा खेल-खेल में देना है। शिविर में बच्चों को ट्रैफिक सिग्नल, रोड साइन, सुरक्षित ड्राइविंग के नियमों के साथ-साथ सड़क पार करने के सही तरीके व्यावहारिक रूप से सिखाए जाएंगे। पुलिस विभाग के अनुसार यह कार्यक्रम बच्चों में आत्मविश्वास, जागरूकता, टीम वर्क और रचनात्मकता को बढ़ावा देने वाला मनोरंजक तथा शिक्षाप्रद शिविर है। यहां बच्चों को न केवल ट्रैफिक नियमों की जानकारी दी जाएगी, बल्कि पहेलियों, टीम गेम्स और विभिन्न रोचक गतिविधियों के माध्यम से सड़क सुरक्षा की शिक्षा दी जाएगी। इससे बच्चे बचपन से ही सड़क के प्रति जिम्मेदार बनेंगे और भविष्य में दुर्घटनाओं में कमी आने की संभावना बढ़ेगी।

### पंजीयन 30 अप्रैल से शुरू

यातायात ग्रीष्मकालीन शिविर में सभी स्कूल एवं कॉलेज के छात्र-छात्राएं भाग ले सकते हैं। इच्छुक छात्र-छात्राओं का पंजीयन 30 अप्रैल और 1 मई 2026 को प्रातः 10 बजे से शाम 6 बजे तक थाना यातायात परिसर बिजावर नाका में किया जाएगा। पंजीयन के लिए आधार कार्ड, स्कूल/कॉलेज की आईडी कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो लानी पड़ेगी। अधिक जानकारी एवं पंजीयन के लिए 9977334104 पर संपर्क करें। पुलिस विभाग ने सभी इच्छुक छात्र-छात्राओं से अपील की है कि वे निर्धारित तिथियों पर आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर इस उपयोगी शिविर का लाभ उठाएं।

## भीषण गर्मी में सूखे प्याऊ, नगर पालिका पर उठे सवाल

### कागजों में प्याऊ, जमीन पर खाली मटके

**छतरपुर।** मध्य प्रदेश में इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी ने आमजन का जीवन मुश्किल कर दिया है। ऐसे में नगर पालिका द्वारा शहर के प्रमुख चौराहों पर लगाए गए निशुल्क प्याऊ लोगों के लिए राहत का साधन बनने के बजाय परेशानी का कारण बनते नजर आ रहे हैं।

बुधवार को एसपी कार्यालय के सामने स्थित प्याऊ के मटके पूरी तरह खाली मिले, जिससे राहगीरों और ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। प्यासे यात्री और स्थानीय लोग काफी देर तक पानी के इंतजार में खड़े रहे। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर पालिका द्वारा कागजों में तो शीतल जल की व्यवस्था दिखाई जाती है, लेकिन हकीकत में लोगों को अपनी प्यास बुझाने के लिए पानी के पाउच और बोतलें



खरीदनी पड़ रही हैं। यात्रियों ने आरोप लगाया कि यह योजना केवल दिखावे तक सीमित है और जमीनी स्तर पर इसका कोई असर नजर नहीं आता।हालांकि कुछ देर बाद नगर पालिका के कर्मचारी टैंकर लेकर मौके पर पहुंचे और पानी भरवाया। कर्मचारियों ने सफाई देते हुए कहा कि बिजली आपूर्ति बाधित होने के कारण पानी की व्यवस्था प्रभावित हुई थी। इस घटना ने नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। भीषण गर्मी के मौसम में इस तरह की लापरवाही आमजन के लिए जानलेवा साबित हो सकती है।

## कोतवाली से युवक फरार, सीसीटीव्ही में कैद भागदौड़ के बाद पुलिस ने दबोचा

**छतरपुर।** शहर के सिटी कोतवाली थाने में उस समय हड़कंप मच गया जब पूछताछ के लिए बुलाया गया एक युवक पुलिस को चकमा देकर थाने से ही फरार हो गया। अचानक हुई इस घटना से पूरे परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। युवक के भागने की पूरी घटना कोतवाली में लगे सीसीटीव्ही कैमरों में कैद हो गई है, जो अब चर्चा का विषय बनी हुई है।जानकारी के अनुसार युवक को एक मामले में पूछताछ के लिए कोतवाली बुलाया गया था। इसी दौरान उसने मौका पाकर पुलिस की निगरानी से खुद को छुड़ाया और अचानक दौड़ लगा दी। कुछ क्षणों के लिए पुलिसकर्मी भी स्थिति को समझ नहीं पाए और



युवक थाने से बाहर निकलने में सफल हो गया।जैसे ही युवक भागा, पुलिसकर्मियों ने भी उसके पीछे दौड़ लगा दी। सड़कों पर कुछ दूरी तक फिल्मी अंदाज में पीछा चलता रहा, जिसे देखकर आसपास मौजूद लोग भी हैरान रह गए। इस दौरान इलाके में कुछ समय के लिए हलचल का माहौल बन गया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए युवक की घेराबंदी की और अंततः कड़ा की बरिया इलाके के पास उसे पकड़ लिया। गिरफ्तारी के बाद युवक को दोबारा कोतवाली लाया गया, जहां उससे आगे की पूछताछ की जा रही है।

## मृत शिक्षक को जनगणना ड्यूटी छतरपुर में प्रशासनिक लापरवाही उजागर

**छतरपुर।** जिले के बड़ामलहरा अनुभाग के घुवारा क्षेत्र से प्रशासनिक लापरवाही का एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है, जहां जनगणना कार्य के लिए जारी सूची में एक ऐसे शिक्षक का नाम शामिल कर दिया गया, जिनका निधन करीब दो साल पहले ही हो चुका है। इस घटना ने विभागीय कार्यप्रणाली और रिकॉर्ड अपडेट सिस्टम की गंभीर खामियों को उजागर कर दिया है।

जानकारी के अनुसार, माध्यमिक शिक्षक हरिश्चंद्र जैन का निधन 15 अप्रैल 2023 को हो गया था, लेकिन इसके बावजूद हाल ही में मकान सूचीकरण और जनगणना प्रशिक्षण के लिए जारी सूची में उनका नाम दर्ज कर उन्हें जिम्मेदारी सौंप दी गई। यह स्थिति इस बात की ओर इशारा करती है कि संबंधित विभाग के रिकॉर्ड समय पर अपडेट नहीं किए गए, जिससे इतनी बड़ी चूक सामने आई। स्थानीय स्तर पर इस मामले को लेकर लोगों में नाराजगी है और प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं। लोगों का कहना है कि जब मृत कर्मचारी का नाम तक सूची से नहीं हटाया गया, तो अन्य व्यवस्थाओं की



स्थिति का सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। यह मामला न केवल लापरवाही को दर्शाता है, बल्कि सिस्टम की पारदर्शिता और जवाबदेही पर भी सवाल खड़े करता है।मामले में जब जिम्मेदार अधिकारियों से प्रतिक्रिया लेने की कोशिश की गई, तो एसडीएम बड़ामलहरा अखिल राठौर और तहसीलदार आदित्य सोनकिया ने कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया। दोनों अधिकारियों की चुप्पी ने मामले को और गंभीर बना दिया है और यह संकेत दे रही है कि प्रशासन इस मुद्दे पर खुलकर सामने आने से बच रहा है।

## 18 लाख की कीमत के 120 गुमशुदा मोबाइल बरामद कर मालिकों को सौंपे

**छतरपुर।** पुलिस अधीक्षक अगम जैन के निर्देशन में चलाए जा रहे ऑपरेशन विश्वास अभियान के तहत छतरपुर पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। साइबर सेल और विभिन्न थाना प्रभारियों की संयुक्त टीम ने कड़ी मेहनत करते हुए अप्रैल माह में कुल 120 गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद किए हैं, जिनकी बाजार में अनुमानित कीमत लगभग 18 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस की इस सक्रियता से उन नागरिकों के चेहरे पर खुशी लौट आई है, जिनके कीमती फोन कहीं खो गए थे। बरामद किए गए इन स्मार्टफोन्स में आईक्यू, मोटोरोला, इनफिनिक्स, सैमसंग, वनप्लस, वीवो, ओप्पो, रेडमी और रियलमी जैसी नामचीन कंपनियों के महंगे हैंडसेट शामिल हैं। पुलिस ने यह मोबाइल फोन बिहार, दिल्ली, झाँसी, महोबा, दतिया, टीकमगढ़ और सागर जैसे विभिन्न राज्यों व जिलों से बरामद करने में सफलता पाई है।बुधवार को पुलिस कंट्रोल में प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से एएसपी आदित्य पटले ने



बताया कि इस अभियान के दौरान पुलिस ने न केवल मोबाइल बरामद किए, बल्कि अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए त्वरित कानूनी कार्रवाई भी की। थाना पिपट और लवकुशनगर में संबंधित अपराध दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए गए हैं। थाना पिपट के अंतर्गत बिजावर निवासी साबिर खान और थाना लवकुशनगर के अंतर्गत ग्राम बेहटा निवासी जगदीश अनुरागी के विरुद्ध विधिवत कार्रवाई की गई है। बरामद मोबाइल उनके वास्तविक मालिकों को लौटा दिए गए हैं, जिनमें समाज के हर वर्ग के लोग जैसे छात्र-छात्राएं, मजदूर, एनजीओ कर्मचारी, किसान और गृहिणियां शामिल हैं। गौरतलब है कि वर्ष 2026 में अब तक छतरपुर पुलिस कुल 526 मोबाइल फोन बरामद कर चुकी है, जिनकी कुल कीमत करीब 88 लाख रुपये है। इस पूरी कार्रवाई में साइबर सेल प्रभारी उपनिरीक्षक नेहा सिंह गुर्जर सहित उनकी टीम के प्रधान आरक्षक किशोर कुमार, आरक्षक धर्मराज, विजय सिंह, राजीव सिंह, मयंक यादव, अभयराज, राखी साहू और सभी थानों के प्रशिक्षित पुलिसकर्मियों की सराहनीय भूमिका रही है। पुलिस प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि यदि किसी का मोबाइल फोन गुम हो जाता है, तो वे पहचान प्रमाण पत्र, मोबाइल का बिल और अन्य आवश्यक दस्तावेजों के साथ साइबर सेल या पुलिस के अधिकृत व्हाट्सएप नंबर पर संपर्क कर सकते हैं ताकि त्वरित सहायता प्रदान की जा सके।

## कलेक्टर ने चिन्हित अपराधों में आरोपियों को कड़ी सजा दिलाने के पूरे प्रयास करने के निर्देश दिए

### ड्रग अधिकारी को मेडिकल स्टोरों की जांच करने के निर्देश दिए

**छतरपुर।** कलेक्टर पार्थ जैसवाल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय अनुसूचित जाति, जनजाति निवारण की त्रैमासिक बैठक, चिन्हित सनसनीखेज अपराध की समीक्षा, नारकोटिक्स, दोषमुक्त प्रकरणों एवं जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक जिला पंचायत सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में एसपी अगम जैन, एएसपी आदित्य पटले, संयुक्त कलेक्टर बलवीर रमन, ट्रैफिक प्रभारी सहित संबंधित अधिकारी एवं शासकीय एवं अशासकीय सदस्य उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्री जैसवाल ने सनसनीखेज अपराधों के प्रकरणों की मॉनिटरिंग करते हुए केसों के सकारात्मक निराकरण के प्रयास करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि केसों में संबंधित आरोपी को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने का प्रयास करें। पूरी तैयारी से इन्वेस्टिगेशन करें और साक्ष्य कोर्ट में प्रस्तुत करें। साथ ही इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य भी जुटाएं।

कलेक्टर ने वर्ष 2025-26 में अनुसूचित जाति जनजाति के पीड़ित हितग्राहियों के प्राप्त एवं स्वीकृत प्रकरणों की समीक्षा की। जिसमें बताया गया कि कुल 940 प्राप्त प्रकरणों जिसमें से 669 प्रकरणों में राशि 332.57 (लाखों में) भुगतान की गई। कलेक्टर ने लंबित प्रकरणों के लिये भुगतान राशि आवंटन के लिए मांग पत्र भेजने के निर्देश दिए। इसके अलावा न्यायालय में प्रस्तुत प्ररकणों की समीक्षा में लंबित 1953 प्रकरणों में प्राथमिकता के आधार पर निराकरण कराने के निर्देश विशेष लोक अभियोजन अधिकारी को दिये गये।



**नशा मुक्ति के लिए जनजागरुकता बढ़ाएं**

नारकोटिक्स की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने शिक्षा विभाग को निर्देश दिए कि नशा मुक्ति की शपथ एवं जनजागरुकता कार्यक्रम विद्यालयों में आयोजित किए जाएं। कलेक्टर ने ड्रग अधिकारी को निर्देश दिए कि मेडिकल स्टोरों में दवाईयों की जांच करें। साथ ही नशे से संबंधित एवं प्रतिबंधित दवाईयां मिलने पर संबंधित का लाइसेंस निरस्त करें।

**पीएम एवं एमएलसी रिपोर्ट लंबित होने पर बीएमओ नौगांव की वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश**

कलेक्टर ने मेडलेपार की समीक्षा में पीएम एवं एमएलसी रिपोर्ट पूरे ब्लॉक के स्वास्थ्य केन्द्रों में लंबित रखने पर नौगांव बीएमओ की वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए। उन्होंने सीएमएचओ को निर्देश दिए कि पीएम रिपोर्ट एवं एमएलसी रिपोर्ट बीएमओ के स्तर पर लंबित न रहे। कलेक्टर ने सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में निर्देश दिए कि पन्ना नाका एवं छत्रसाल चौक पर चौड़ीकरण के लिए विशेष व्यवस्था बनाएं। ताकि लगने वाले जाम की स्थिति से निजात मिल सके। इसके अलावा सड़क किनारे लगने वाले बाजारों की समीक्षा करते हुए कहा कि जो बाजार अभी तक सड़कों से हट कर अन्य स्थानों पर शिफ्ट नहीं हुए है। उन्हें कड़ाई से तत्काल शिफ्ट कराएं। उन्होंने महोबा रोड एवं संकट मोचन के पास लगने वाले बाजार को शिफ्ट कराने के नगरपालिका को निर्देश दिए।

## खबर संक्षेप

### नारद जयंती के अवसर पर दो मई को पत्रकार महासंघ आयोजित करेगा संगोष्ठी

रीवा। भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ नारद जयंती के अवसर पर दो मई को रीवा जिला कार्यालय पड़रा में चार बजे से संगोष्ठी का आयोजन करेगा। रीवा जिलाध्यक्ष शहर शमशेर सिंह गहरवार , रीवा जिलाध्यक्ष ग्रामीण राहुल मिश्रा, कार्यवाहक जिलाध्यक्ष वैदेही शरण द्विवेदी ने संयुक्त विज्ञप्ति जारी कर पत्रकार महासंघ के सभी पदाधिकारीयों व सदस्य पत्रकार साथियों को संगोष्ठी में चार बजे समय से पहुंचकर भाग लेने की अपील जारी की है। रीवा जिला प्रवक्ता शेषमणि शुक्ला एवं जिला कार्यालय प्रभारी शिव कुमार मिश्रा ने बताया कि संगोष्ठी में प्रांतीय अध्यक्ष पुरुषोत्तम मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। संगोष्ठी में कई प्रांतीय व संभागीय पदाधिकारी भी भाग लेंगे। संगोष्ठी में तीस मई पत्रकारिता दिवस के अवसर पर अमरकंटक में श्री बर्फानी आश्रम में होने वाले प्रांतीय सम्मेलन की व्यवस्था तैयारी पर भी विचार विमर्श कर निर्णय लिए जाएंगे। संगोष्ठी में सभी पदाधिकारीयों को आवश्यक रूप से भाग लेकर संगोष्ठी को एवं अमरकंटक के सम्मेलन को गरिमामय ढंग से संपन्न कराने में सहयोग देकर अपनी भूमिका का निर्वहन सदस्य साथियों को करने की आवश्यकता है।

### नगरीय निकायों की मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण का कार्यक्रम तय

रीवा । मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकायों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण का कार्यक्रम जारी कर दिया है। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने बताया कि पुनरीक्षण के लिए 30 अप्रैल को कंट्रोल टेबल चेकलिस्ट वेंडर द्वारा रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को दी जाएगी। रजिस्ट्रीकरण अधिकारी इसमें 2 मई तक आवश्यक संशोधन करके 5 मई तक डिजिटल हस्ताक्षर से सत्यापन करेंगे। वेंडर 15 मई तक प्रारूप मतदाता सूची का मुद्रण टीवी करके रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को उपलब्ध कराएंगे। पुनरीक्षण के लिए मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन 15 मई को होगा। मतदाता सूची के संबंध में दावे और आपत्तियाँ 25 मई को दोपहर 3 बजे तक दर्ज की जाएंगी। इनका निराकरण 30 मई तक किया जाएगा। दावे-आपत्तियों की चेकलिस्ट 6 जून तक तैयार करके रजिस्ट्रीकरण अधिकारी इसे 8 जून तक वेण्डर को उपलब्ध कराएंगे। फोटो युक्त अंतिम मतदाता सूची का मुद्रण वेण्डर 16 जून तक करेंगे। अंतिम मतदाता सूची का सार्वजनिक स्थलों पर प्रकाशन 18 जून को किया जाएगा। रजिस्ट्रीकरण अधिकारी 20 जून तक मतदाता सूची की सीडी और डीवीडी बिक्री के लिए उपलब्ध कराएंगे। मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को 22 जून तक मतदाता सूची की प्रति उपलब्ध कराई जाएगी।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव करेंगे उपार्जन केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण

रीवा । मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रदेश में उपार्जन केंद्र पर चल रही गेहूँ उपार्जन की प्रक्रिया का आने वाले दिनों में आकस्मिक निरीक्षण करेंगे और किसानों से संवाद कर व्यवस्थाओं की जानकारी लेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव यह भी देखेंगे कि निर्देशानुसार शासन-प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली सभी सुविधाएं किसानो को प्राप्त हो रही है या नहीं। किसानों भाइयों के लिये उपार्जन केन्द्रों में उपलब्ध सुविधाएँ उपार्जन केन्द्र पर किसानों की सुविधा के लिए पीने का पानी, बैठने के लिए छायादार स्थान, जन सुविधाएं आदि की व्यवस्थाएं की गई हैं। किसानों को समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय में किसी प्रकार की परेशानी न हो एवं उपज विक्रय के लिए इंतजार न करना पड़े इसके लिये किसानों को जिले के किसी भी उपार्जन केन्द्र पर उपज विक्रय करने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। श्व् किसानों को गेहूँ की तौल के लिये इंतजार नहीं करना पड़े इस हेतु उपार्जन केन्द्रों में तौल कांटों की संख्या बढ़ाकर 6 कर दी गई है और अधिक तौल कांटे बढ़ाने की सुविधा अब जिलो को दी गई है। गेहूँ के लिये एफएक्यू मापदंड में शिथिलता प्रदान की गई है। चमक विहीन गेहूँ की सीमा 50 प्रतिशत तक की गई है। सूकड़े दाने की सीमा 6 प्रतिशत से बढ़ाकर 10 प्रतिशत तक की गई है। क्षतिग्रत दानों की सीमा बढ़ाकर 6 प्रतिशत तक की गई है। किसानों के उपज की तौल समय पर हो सके इसके लिये बारदाने, तौल कांटे, हम्माल तुलावटी, सिलाई मशीन, कम्प्यूटर, नेट कनेक्शन, कूपन ,गुणवत्ता परीक्षण उपकरण, उपज की साफ-सफाई के लिए पंखा, छन्ना आदि व्यवस्थाएं उपार्जन केन्द्र पर उपलब्ध कराई जा रही हैं।श उपार्जन केन्द्र की क्षमता अनुसार उपज की तौल की जा सके एवं अधिक से अधिक किसानों से उपार्जन किया जा सके, इसके लिये उपार्जन केन्द्रों पर प्रतिदिन, प्रति उपार्जन केन्द्र पर गेहूं विक्रय के लिये स्लॉट बुकिंग की क्षमता 1000 क्विंटल से बढ़ाकर 2250 क्विंटल किया गया है।

# शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने के लिए कलेक्टर्स तत्परता से करें प्रयास

## मुख्य सचिव ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग से अधिकारियों को दिए निर्देश

रीवा ।



मुख्य सचिव अनुराग जैन ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग से शासन की उच्च प्राथमिकता की योजनाओं की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए अच्छे प्रयास किए जा रहे हैं। शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने के लिए कलेक्टर्स तत्परता से प्रयास करें। शाला जाने योग्य प्रत्येक बच्चे का शाला में प्रवेश सुनिश्चित करें। ऐप के माध्यम से प्रदेश में 6 साल की आयु पूरा करने वाले 10.45 लाख बच्चे चिन्हित किए गए हैं। इनका शाला में प्रवेश कराएं। आंगनवाड़ी केन्द्रों तथा स्कूलों के कोलोकेशन मां सामुदायिक सहभागिता सुनिश्चित करें। आंगनवाड़ी केन्द्र भवन के लिए जमीन बस्ती के आसपास चिन्हित करें। आवश्यक होने पर कलेक्टर मद परिवर्तन करके स्कूल और आंगनवाड़ी केन्द्रों के लिए जमीन उपलब्ध कराएं।मुख्य सचिव ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं की कलेक्टर संवेदनशीलता से मानीटरिंग करें। माह में कम से कम दो बार समीक्षा बैठक आयोजित कर मातृ मृत्यु दर तथा शिशु मृत्यु दर पर नियंत्रण की समीक्षा करें। गर्भवती महिलाओं के पंजीयन, अति कुपोषित बच्चों के एनआरसी में भर्ती, सीवियर एनिमिक गर्भवती महिलाओं की उचित देखभाल तथा हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य रक्षा की समीक्षा करें। कलेक्टर्स अस्पतालों तथा दवा स्टोर का निरीक्षण करें। विकासखण्ड स्तर तक बैठक आयोजित कर स्वास्थ्य विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के मैदानी अमले को सचेत करें। सबके सहयोग से ही स्वास्थ्य सूचकांक बेहतर होंगे। मुख्य सचिव ने कहा कि ज्ञान भारतम अभियान के तहत पाण्डुलिपियों का सर्वे करके उन्हें संरक्षित कराएं। सीएम हेल्पलाइन में लंबित प्रकरणों के निराकरण पर विशेष ध्यान दें। इसमें सौ दिन से अधिक समय से लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता से निराकृत करें। लोक सेवा गारंटी योजना में चिन्हित सेवाएं तय समय सीमा में दें। समय सीमा का पालन न करने वालों पर कार्यवाही करें। स्वामित्व योजना के प्रकरण केवल कुछ जिलों में ही शेष हैं। इनका 15 दिवस में निराकरण कराएं। सभी कलेक्टर्स स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारियों की समीक्षा करें। श्रम विभाग की संबल योजना तथा मानधन योजना के लिए पात्र श्रमिकों का पंजीयन कराएं। मुख्य सचिव ने कहा कि गेंहू उपार्जन के लिए केन्द्र सरकार द्वारा प्रदेश का कोटा बढ़ा दिया गया है। सभी खरीदी केन्द्रों में उपार्जन के लिए बारदाने, तौलकांटे तथा अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। अब किसान 23 मई तक उपार्जन के लिए स्लॉट बुक कर सकते हैं। प्रत्येक खरीदी केन्द्र में तैनात नोडल अधिकारी के माध्यम से व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। वृंदावन ग्राम योजना को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए अन्य योजनाओं के साथ कन्वर्जेंस कराएं। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति की सतत निगरानी करें। पूर्ण एकल नलजल योजनाओं को ग्राम पंचायतों को हस्तांतरित कराकर इनका नियमित संचालन कराएं। बैठक में पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना ने कहा कि सड़क सुरक्षा समिति की नियमित बैठक एवं दुर्घटना रोकने के अलग-अलग प्रयासों के कारण प्रदेश में सड़क दुर्घटना एवं इससे होने वाली मौतों में कमी आई है। राहवीर योजना, प्रधानमंत्री सड़क दुर्घटना राहत योजना तथा ई डॉर योजना का प्रभावी क्रियान्वयन करें। नशामुक्त भारत अभियान के तहत लगातार कार्यवाहियाँ की जा रही हैं। जनवरी से अप्रैल माह तक नशे के अवैध व्यापार के 818 प्रकरण दर्ज कर 120 करोड़ रुपए के मादक पदार्थों की जब्ती की गई है। इसकी मानीटरिंग के लिए एनकोर समिति की हर माह बैठक करें। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, जनमन योजना, निक्षय भारत अभियान, पंचायतों की आय के स्त्रोत बढ़ाने, वनाधिकार अधिनियम के तहत सामूहिक दावों के निराकरण, मिशन अंकुर, जल गंगा संवर्धन अभियान तथा धरती आबा अभियान की समीक्षा की गई। कमिश्नर कार्यालय के एनआईसी केन्द्र से कमिश्नर बीएस जामोद, आईजी गौरव राजपूत, सीसीएफ राजेश राय तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्ट्रेट के एनआईसी केन्द्र से कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी, पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान, आयुक्त नगर निगम अक्षत जैन, सीईओ जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर, डीएफओ लोकेश निरापुरे तथा अन्य अधिकारी शामिल हुए।

## नईगढ़ी पुलिस ने 70 फीट गहरे कुएं में गिरी गाय की बचाई जान, रस्सी के सहारे उतरे टीआई



**नईगढ़ी**। थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत रामपुर के ग्राम भोथी में 28 अप्रैल की देर रात लगभग 70 फीट गहरे कुएं में एक गाय के गिरने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी ऋषि द्विवेदी अपनी टीम के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे और बिना समय गंवाए रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी ऋषि द्विवेदी, जो आर्मी के रिटायर्ड कर्मचारी भी हैं, रस्सी के सहारे स्वयं कुएं में उतरे और स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से अभियान का नेतृत्व किया। देर रात करीब 2 बजे तक चले इस कठिन और जोखिम भरे रेस्क्यू अभियान में पुलिस और ग्रामीणों की संयुक्त मेहनत से गाय को सकुशल बाहर निकाल लिया गया। घटना के बाद सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए भोथी निवासी समाजसेवी विक्रांत द्विवेदी ने पहल कर उसी कुएं में मजबूत जाली लगवाई, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं न हो सकें। यह कदम समाज के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण बनकर सामने आया है कि दुर्घटना के बाद नहीं, बल्कि पहले से ही सुरक्षा उपाय करना आवश्यक है। समाजसेवी विक्रांत द्विवेदी ने थाना प्रभारी ऋषि द्विवेदी का शाल-श्रीफल भेंट कर एवं मिठाई खिलाकर सम्मान किया। उन्होंने कहा कि पुलिस का यह साहसिक और मानवीय कार्य अत्यंत प्रशंसनीय है और इससे समाज को सीख लेनी चाहिए। नईगढ़ी पुलिस और ग्रामीणों के इस संयुक्त प्रयास की क्षेत्रभर में सराहना हो रही है, जहां एक ओर मानवता की मिसाल देखने को मिली, वहीं दूसरी ओर सुरक्षा और जागरूकता का मजबूत संदेश भी गया।

## कलेक्टर ने कार्यालय में विलंब से पहुंचने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों की लगाई क्लास

## समय पर न आने वालों के विरूद्ध होगी कड़ी कार्यवाही, उपस्थिति अब डिजिटल दर्ज होगी

रीवा ।



कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने कलेक्टर कार्यालय के गेट में विलंब से पहुंचने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों की क्लास लगाई। उन्होंने स्वयं मुख्य गेट में खड़े होकर देरी से कार्यालय आने वालों को लाइन से खड़ा किया तथा सख्त लहजे में हिदायत दी कि समय पर कार्यालय आएं।कलेक्टर ने कहा कि शासन द्वारा सुबह 10 बजे कार्यालय खुलने का समय निर्धारित किया गया है अतः सभी नियत समय पर आएं और अपनी जिम्मेदारी का निष्ठापूर्वक निर्वहन करें। उन्होंने विलंब से आने वालों को चेतावनी दी कि यह पहला अवसर है अतः आज उनका आधे दिन का अवकाश स्वीकृत होगा। भविष्य में देरी से आने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही होगी। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी व कर्मचारी अब डिजिटली अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। उन्होंने इस संबंध में तत्काल व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। श्री सूर्यवंशी ने कहा कि सभी कार्यालय में अधिकारी से कर्मचारी शासन के हित में अनुशासित होकर कार्य करें व निर्धारित समय तक कार्यालय में उपस्थित रहें। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। कलेक्टर ने जिला पंचायत कार्यालय का किया औचक निरीक्षण कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने जिला पंचायत कार्यालय का सुबह 10.05 बजे आकस्मिक निरीक्षण के दौरान मात्र चार अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित पाए गए। कलेक्टर ने अनुपस्थित अधिकारियों-कर्मचारियों के विरूद्ध कार्यवाही के निर्देश दिए।

# जिले में चर्चित प्रशांत मिश्रा हत्याकांड में ऐतिहासिक फैसला, दो आरोपी दोषमुक्त

रीवा।



बहुचर्चित प्रशांत मिश्रा हत्याकांड में सत्र न्यायालय, रीवा ने एक महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक निर्णय सुनाते हुए आरोपी लवकुश पांडेय एवं अंबिकेश द्विवेदी को संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त घोषित कर दिया है, वर्ष 2019 से चर्चा में रहे इस प्रकरण में न्यायालय के इस फैसले ने लंबे समय से चल रही कानूनी प्रक्रिया पर विराम लगा दिया है। जानकारी के अनुसार, थाना विश्वविद्यालय, जिला रीवा में 28 अगस्त 2019 को प्रशांत मिश्रा की गोली मारकर हत्या किए जाने का मामला दर्ज किया गया था। पुलिस विवेचना के दौरान लवकुश पांडेय एवं अंबिकेश द्विवेदी को आरोपी बनाया गया था। अभियोजन पक्ष ने न्यायालय में 28 गवाहों के बयान दर्ज कराए तथा 64 दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत किए थे, जिनके आधार पर आरोप सिद्ध करने का प्रयास किया गया। हालांकि, बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता राजीव सिंह परिहार (शेरा सिंह) ने प्रभावी पैरवी करते हुए अभियोजन के तर्कों को चुनौती दी। उन्होंने न्यायालय के समक्ष सशक्त दलीलें प्रस्तुत करते हुए यह स्थापित किया कि अभियोजन पक्ष आरोपों को संदेह से परे सिद्ध करने में असफल रहा है। बचाव पक्ष द्वारा प्रस्तुत एक महत्वपूर्ण साक्षी ने यह स्पष्ट किया कि मृतक प्रशांत मिश्रा जिस व्यक्ति के साथ देखा जाता था, वह आरोपी लवकुश पांडेय नहीं, बल्कि समान नाम का कोई अन्य व्यक्ति था। इस तथ्य को न्यायालय ने मामले के निर्णायक पहलुओं में शामिल माना। इसके अतिरिक्त, आरोपी की निशानदेही पर शव बरामद होने के दावे को भी बचाव पक्ष ने संदिग्ध बतायाअधिवक्ता शेरा सिंह ने पुलिस द्वारा प्रस्तुत घटनाक्रम में कई विसंगतियों को रेखांकित करते हुए न्यायालय के समक्ष विस्तार से रखा। अभियोजन पक्ष ने सीसीटीवी फुटेज को महत्वपूर्ण साक्ष्य के रूप में प्रस्तुत किया था, लेकिन बचाव पक्ष ने तकनीकी विश्लेषण के आधार पर यह साबित किया कि फुटेज में दिखाई देने वाला व्यक्ति आरोपी नहीं है। इस पहलू ने अभियोजन की कहानी को कमजोर कर दिया।न्यायालय ने दिया दोषमुक्ति का आदेशसमस्त साक्ष्यों एवं दलीलों के परीक्षण के बाद सत्र न्यायालय, रीवा ने अपने फैसले में कहा कि अभियोजन पक्ष आरोपों को संदेह से परे प्रमाणित करने में विफल रहा है। परिणामस्वरूप, दोनों आरोपियों को दोषमुक्त घोषित किया गया। इस प्रकरण में बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता राजीव सिंह परिहार (शेरा सिंह) के साथ अधिवक्ता अनिल द्विवेदी, गिरीश पटेल, साक्षी सिंह बघेल, साक्षी सिंह परिहार, संभव मिश्रा, सुरेश कुशवाहा, तृषा कुशवाहा, प्रतीक द्विवेदी एवं शम्मी शुक्ला ने भी महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया।

## जिले में घरेलू गैस संकट बरकरार, एजेंसियों में लग रही लंबी कतारें

## गैस कालाबाजारी का दौर जारी, विभाग के अधिकारियों ने साधी चुप्पी

मऊगंज



जिले के मऊगंज हनुमना गौरी नईगढ़ी फरहदा सहित अन्य नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र में घरेलू गैस सिलेंडरों की भारी कमी से आम जनता लगातार परेशान हो रही है। हालात कुछ इस कदर निर्मित हो चुके हैं कि कि उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर पाने के लिए दिन में ही नहीं बल्कि रात में भी लाइनें लगानी पड़ रही हैं। इस तरह के हालात मऊगंज में देखे जा रहे हैं जहां जनपद कार्यालय के सामने लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ रहा है। इसके बावजूद भी कई लोगों को गैस उपलब्ध नहीं हो पा रही है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि गैस की कमी का मुख्य कारण कालाबाजारी है जिस पर जिम्मेदार विभाग के अधिकारी इस तरह की कालाबाजारी पर रोक लगाने में असफल साबित हो रहे हैं।

सूत्रों की माने तो आम उपभोक्ता घरेलू गैस पाने के लिए परेशान है तो उधर रसूखदार होटल संचालकों को कमर्शियल की जगह घरेलू गैस संबंधी विभाग के जिम्मेदार अधिकारी आसानी से गैस सिलेंडर उपलब्ध करा रहे हैं तो इधर कुछ गैस ब्लैक करने वाले लोग एक साथ कई सिलेंडर लाकर लाइन में चेन लगाकर रख देते हैं, जिससे आम उपभोक्ताओं का नंबर ही नहीं आ पाता।

गौरतलब है कि गैस एजेंसियों द्वारा होम डिलीवरी की सुविधा नहीं दी जा रही है। इससे उपभोक्ताओं को मिलने वाली 33 रुपए प्रति सिलेंडर की डिलीवरी राशि बचाकर संचालक अतिरिक्त लाभ कमा रहे हैं। इस अव्यवस्था के कारण आम जनता को आर्थिक और मानसिक दोनों तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि गैस वितरण व्यवस्था को पारदर्शी बनाया जाए, कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई हो और होम डिलीवरी व्यवस्था को अनिवार्य रूप से लागू किया जाए, ताकि आम लोगों को राहत मिल सके। अब देखना यह होगा कि इस गंभीर समस्या पर प्रशासन एवं जिम्मेदार विभाग के अधिकारियों द्वारा गैस संकट व कालाबाजारी पर प्रभावी नियंत्रण के लिए क्या कदम उठाए जाते हैं।

## बीहर नदी तट पर अवैध कब्जे कर ग्रीन बेल्ट में बना दिया गया विवाह घर, महापौर ने आयुक्त से मांगी रिपोर्ट

रीवा।



शहर में नदी-नालों के किनारे हो रहे अवैध कब्जों का सिलसिला थमता नजर नहीं आ रहा है। ताजा मामला नगर निगम क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 6, करहिया का सामने आया है, जहां बीहर नदी के तटवर्ती ग्रीन बेल्ट क्षेत्र में एक विवाह घर के निर्माण को लेकर गंभीर आपत्ति दर्ज कराई गई है। मामले में शिकायत मिलने के बाद महापौर ने नगर निगम आयुक्त को पत्र लिखकर जांच एवं आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। जानकारी के अनुसार, सामाजिक कार्यकर्ता एवं अधिवक्ता बी.के. माला द्वारा नगर निगम आयुक्त और महापौर को लिखित शिकायत प्रस्तुत की गई है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि बीहर नदी के सतह क्षेत्र से लगे ग्रीन बेल्ट में अनाधिकृत रूप से एक विवाह घर का निर्माण किया जा रहा है, जो न केवल नियमों के विपरीत है बल्कि पर्यावरणीय दृष्टि से भी गंभीर खतरा उत्पन्न कर सकता है। शिकायतकर्ता का कहना है कि संबंधित स्थल ग्रीन बेल्ट एवं राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के दिशा-निर्देशों के अंतर्गत संरक्षित क्षेत्र में आता है, जहां किसी भी प्रकार के स्थायी निर्माण पर प्रतिबंध है। इसके बावजूद नियमों की अनदेखी कर निर्माण कार्य जारी है, जो प्रशासनिक उदासीनता को भी दर्शाता है। मामले की गंभीरता को देखते हुए महापौर अजय मिश्रा 'बाबा' ने नगर निगम आयुक्त को पत्र प्रेषित कर पूरे प्रकरण का स्थलीय सत्यापन कराने और नियमों के उल्लंघन की स्थिति में तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। महापौर ने स्पष्ट किया है कि शहर के पर्यावरणीय संतुलन एवं नदी तटों की सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। गौरतलब है कि शहर में बीते कुछ समय से नदी-नालों एवं ग्रीन बेल्ट क्षेत्रों में अतिक्रमण के मामले लगातार सामने आ रहे हैं, जिन पर समय रहते प्रभावी कार्रवाई न होने से पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों पर प्रश्नचिह्न खड़े हो रहे हैं।